# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 17 जुलाई।** देश में बढ़ती मंहगाई के विरूद्ध तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया गया।

पैदल मार्च की समाप्ति के पश्चात् शहीद स्मारक पर एकत्रित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में सभी जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ गये हैं तथा मंहगाई बेलगाम हो गई है जिसके विरूद्ध कांग्रेस अध्यक्षा माननीया श्रीमती सोनिया गॉंधी जी एवं कांग्रेस नेता माननीय श्री राहुल गॉंधी जी के आह्वान पर युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधिगण द्वारा दिनांक 07 जुलाई से 17 जुलाई तक केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरूद्ध तथा मंहगाई कम करने की मांग को लेकर प्रदेश में आन्दोलन चलाया गया है। उन्होंने उपस्थित सभी कांग्रेसजनों को स्वागत करते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि प्रदेश में सत्ता में होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी क्यों संघर्ष कर रही है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आमजनता के हितों की रक्षा हेतु तथा जनसरोकार के मुद्दे को लेकर किसी भी परिस्थिति में लोगों के लिये संघर्ष करने से पीछे नहीं हटती है। आज केन्द्र में जो सरकार शासन कर रही है उसके द्वारा मंहगाई कम करने, बेरोजगारी समाप्त करने, आतंकवाद समाप्त करने, कालाधन वापस लाने, नकली मुद्रा समाप्त करने का वादा कर सत्ता प्राप्त की गई, ये लोग कांग्रेस से 70 साल के शासन का हिसाब मांगते थे, किन्तु अपने शासन के 5 साल की समाप्ति पर जनता को अपने काम-काज का हिसाब देने से पीछे हट गये तथा जनता से किये गये समस्त वायदों को जुमला करार दे दिया। दुबारा चुनाव होने पर यही लोग सेना के शौर्य के पीछे खड़े होकर चुनाव जीत गये, किन्तु मोदी जी मन की बात तो करते हैं लेकिन आम आदमी की बात

नहीं करते हैं। आज जिस कदर देश में मंहगाई बढ़ी है उससे आम आदमी की थाली से 2 जून की रोटी दूर हो रही है।

श्री डोटासरा ने कहा कि हमारे नेता श्री राहुल गाँधी जी ने मोदी सरकार की सही व्याख्या करी है कि ये सभी झूठे लोग हैं। देश की जनता को मुद्दों से भटकाने के लिये विभिन्न प्रकार के प्रपंच रचते हैं। केन्द्र सरकार जब सभी मोर्चों पर विफल हो गई तो मोदी जी ने अपने असफलता का ठीकरा मंत्रीमण्डल में फेरबदल कर हटाये गये मंत्रियों पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि देश के प्रधानमंत्री आमजनता के हित में कार्य करने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी की राय यह है कि भाजपा झूठी है तथा आरएसएस भ्रष्ट है। प्रधानमंत्री जी अपनी मन की बात तो करते हैं किन्तु मंहगाई, घटते रोजगार, तीन काले कृषि कानूनों के विरूद्ध आन्दोलन कर रहे किसान, देश की धरती पर जबरन घुसने वाले चीन के संबंध में कभी कोई बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि घटते हुए जनाधार के कारण आरएसएस प्रमुख श्री मोहन भागवत भी देश के हिन्दु एवं मुसलमानों को डीएनए एक बताने लग गये हैं तथा मोबलिचिंग करने वाले लोगों को हिन्दु मानने से इंकार कर रहे हैं जबकि इन्हीं के द्वारा पूर्व में अनुसूचित जाति व जनजाति का आरक्षण समाप्त करने की बात कही थी, यह तो देश का सौभाग्य है कि अनुसूचित जाति व जनजाति के युवाओं ने भाजपा के विरूद्ध कमर कस ली थी जिस कारण देश में आज आरक्षण अक्षुण्ण है। भाजपा के नेता उन किसानों को जो तपती धूप और बारिश में सड़कों पर बैठकर केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये तीन काले कृषि कानूनों के विरूद्ध आन्दोलन कर रहे हैं को आतंकवादी एवं खालिस्तानी बोल रहे हैं। हमारे नेता श्री राहुल गाँधी जी कहते हैं कि जो व्यक्ति अन्याय के विरूद्ध अपनी आवाज बुलंद ना कर सके वो ना तो राष्ट्रवादी है, ना देशभक्त है और ना ही सच्चा कांग्रेसी हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सांसद साध्वी प्रज्ञा ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को पूजनीय बताया था जबकि कांग्रेस पार्टी गाँधीजी की अनुयायी है यही अन्तर दोनों पार्टियों के मध्य है। उन्होंने कहा कि आजादी से पूर्व भी कांग्रेस अंग्रेजों से मुक्ति हेतु लड़ाई लड़ रही थी जबकि संघ के लोग अंग्रेजों की ओर से मुखबिरि कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या भ्रष्ट आरएसएस पदाधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही होगी? उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने ही देश में वैमनस्य फैलाने वाले प्रवीण तोगड़िया के

खिलाफ कार्यवाही की थी, अपराधी आशाराम बापू को जेल की सींखचों के पीछे पहुँचाया, इसी प्रकार कांग्रेस सरकार आरएसएस के भ्रष्ट पदाधिकारी पर भी कार्यवाही करेगी।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के शासन के दौरान पेट्रोल-डीजल पर सेस 6.5 प्रतिशत से अधिक नहीं था, किन्तु आज मोदी सरकार द्वारा 32 से 36 प्रतिशत तक पेट्रोल-डीजल पर स्पेशल एक्साईज, एडिशनल एक्साईज एवं सेस वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर वसूले जाने वाले एक्साईज जिसमें राज्यों का हिस्सा होता है उसे घटाकर न्यूनतम कर दिया गया है, किन्तु केन्द्र सरकार को प्राप्त होने वाली एक्साईज एवं सेस को बढ़ाकर केन्द्र सरकार अपना खजाना भर रही है। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के शासन के दौरान गैस सिलेण्डर 400 रूपये में मिलता था, सब्सिडी का लाभ उपभोक्ता को दिया जाता था, किन्तु वर्तमान की भाजपा सरकार के शासन में यही सिलेण्डर 840 रूपये का हो गया और सब्सिडी बिना घोषणा किये समाप्त कर दी गई है। इसी प्रकार खाद्य तेलों के दाम 40 प्रतिशत, दालें 50 प्रतिशत, सरिया एवं टीन शैड के भाव दोगुना हो गये तथा सीमेंट भी मंहगा हो गया। उन्होंने कहा कि देश में आम उपभोक्ता के जरूरत की सभी वस्तुएं मंहगी हो गई हैं जिस कारण आम आदमी अपना गुजारा बड़ी कठिनाई के साथ कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा 11 दिवसीय अभियान समाप्त हुआ है, किन्तु बढ़ती मंहगाई को लेकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध आन्दोलन की यह शुरूआत है। कांग्रेस कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरूद्ध गॉंव-गॉंव, ढाणी-ढाणी, शहर, नगर जायेंगे और मोदी सरकार के विरूद्ध अभियान चलाकर सन् 2024 में होने वाले देश के आम चुनावों में मोदी सरकार का सूपड़ा साफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी मन की बात करना छोड़कर मंहगाई कम करने, युवाओं को दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने की मांग पूरी करें, चीन से देश की जमीन छुड़ाने का कार्य करें, वैसे भी देश की जनता ने मोदी जी को हटाने का मन बना लिया है और आगामी चुनावों में हमारे नेता श्री राहुल गॉंधी जी के नेतृत्व में आमजनता भाजपा को सत्ता से विदा कर देगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों एवं कुप्रबंधन के कारण लाखों लोगों को कोरोना महामारी में प्राण गंवाने पड़े जिसके लिये जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार लोक कल्याणकारी फैसले लेने की एक मिसाल है, आज ही मुख्यमंत्री महोदय द्वारा किसानों को राहत प्रदान करते हुए एक हजार रूपये प्रतिमाह प्रदान कर बिजली के बिलों में राहत प्रदान करने की योजना

प्रारम्भ की गई है। इसी तरह के लोक कल्याणकारी फैसलों से राजस्थान की जनता को कांग्रेस सरकार द्वारा हर परिस्थिति में राहत प्रदान करने तथा प्रदेश का विकास करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई कम करने हेतु तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा तथा आम जनता के हितों के रक्षा हेतु सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी पूरी शक्ति के साथ कार्य करते रहेंगे।

उपस्थित कांग्रेसजनों को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं जयपुर प्रभारी श्री गोविन्द मेघवाल, मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, मुख्य सचेत्तक डॉ. महेश जोशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा, श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री देशराज मीणा, श्री जियाउर रहमान, विधायक श्री मुरारी मीणा, श्री जी. आर. खटाणा, श्रीमती साफिया जुबेर, श्री गणेश घोघरा, श्री हाकम अली, श्रीमती गंगा देवी वर्मा, श्री अमीन कागजी, श्री रफीक खान, श्री गोपाल मीणा, महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, पूर्व विधायक श्री अशोक तँवर, श्री रतन देवासी, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री मुमताज मसीह, श्री पुखराज पाराशर, श्री रूपेशकान्त व्यास, श्री सत्येन्द्र भारद्वाज, श्री पवन गोदारा, श्री गिरिराज गर्ग, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री सुरेश चौधरी, श्री राजेश चौधरी, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री कृष्ण कुमार हरितवाल, श्री आर. सी. चौधरी, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्री हजारीलाल नागर, श्री पंकज शर्मा काकू, श्री राजेन्द्र सैन सहित हजारों नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने किया।

----------